>

Title: Issue regarding Rajiv Gandhi Rural Electrification scheme in the country.

**श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज):** मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे अत्यंत लोक महत्व और तात्कालीक समस्या पर बोलने की अनुमति दी है। भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय द्वारा एक महत्वाकांक्षी योजना, जिसके अंतर्गत हिन्दुस्तान के जनपदों के सभी गांवों को ऊर्जीकृत करने के लिए विद्युतीकरण की कार्रवाई, राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत निर्धारित की गई है। पिछले दिनों भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय द्वारा राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के सेकण्ड फेज के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के 22 जनपदों में फिर से योजना को लागू किया गया है। सौभाग्य से उन 22 जनपदों में सिद्धार्थ नगर मेरा जनपद भी शामिल है। आपके माध्यम से मैं चाहता हूं कि सिद्धांत नगर जनपद में 503 गांवों को विद्युतीकरण करने के लिए जो निर्धारित हुआ, कई बार टर्न के बेसिस पर उसके कॉन्टेक्ट का काम हुआ लेकिन किसी को एवार्ड नहीं हुआ। सरकार या तो आरईसी से उस राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना के अंतर्गत 503 गांवों के लिए विद्युतीकरण की जो कार्रवाई करनी है, वह रूरल इलेक्ट्रीफिकैशन कॉरपोरेशन करे या उत्तर प्रदेश के राज्य विद्युत परिषद उस विभाग को दे दे, अन्यथा योजना जिस उद्देश्य से लागू की गई है **...**(व्यवधान) उसका पैसा निर्गत हो गया है, शायद वह उद्देश्य पूरा नहीं होगा इसलिए बहुत महत्पूर्ण प्रश्न है। **...**(व्यवधान)

**उपाध्यक्ष महोदय :** ठीक है, आपका विषय पूरा हो गया।

â€¦(व्यवधान)

**श्री जगदम्बिका पाल :** मैं चाहता हूं कि सरकार इस पर ध्यान दे।